>

Title: Need to establish wool dominated multi sector textile park in Bikaner Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): धन्यवाद सभापति महोदय। मैं आपके माध्यम से बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

मैं राजस्थान के बीकानेर संसदीय क्षेत्र से आता हूं। बीकानेर को एशिया की सबसे बड़ी ऊन की मंडी होने का गौरव प्राप्त है, लेकिन विगत तीन वर्षों में आर्थिक मंदी के कारण वुलेन इंडस्ट्री अपनी अंतिम सांसें गिन रही है। केन्द्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय ने नए टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने की योजना बनाई है, लेकिन बीकानेर को अभी तक किसी भी टेक्सटाइल पार्क स्थापित किए जाने के लिए उपयुक्त नहीं माना है, जबकि राजस्थान की कुल कार्यरत 285 ऊनी धागा स्पिनिंग कार्डों में से 230 अकेले बीकानेर में स्थापित हैं। बीकानेर क वूल डॉमिनेटेड मल्टी-सेक्टर टेक्सटाइल पार्क की स्थापना के लिए प्रयास लंबे समय से किए जा रहे हैं। दिनांक 28 अप्रैल, 2010 को राजस्थान सरकार के प्रमुख शासन सचिव (लघु उद्योग एवं खादी) की अध्यक्षता में वूल डॉमिनेटेड मल्टी-सेक्टर टेक्सटाइल पार्क की स्थापना हेतु विशेष बैठक का आयोजन किया गया था, लेकिन आज तक इस संबंध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

इसलिए मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के टेक्सटाइल मंत्री से मांग करता हूं कि राजस्थान सरकार के प्रस्ताव के अनुसार बीकानेर में वूल डॉमिनेटेड मल्टी-सेक्टर टेक्सटाइल पार्क की स्थापना शीघ्र की जाए, जिससे बीकानेर में अंतिम सांसें ले रहा ऊन उद्योग पुनर्जीवित हो सके और बीकानेर के लिए नए रोजगार के अवसर सृजित हो सकें।